***प्रेस नोट*** ***09/06/2025***

**दिनांक 07.06.2025 को थाना कोपागंज क्षेत्रान्तर्गत देवकली विशुनपुर में जान से मारने की नियत से हमला करने मामले में एक अभियुक्त गिरफ्तार–**

पुलिस अधीक्षक मऊ श्री इलामारन जी के निर्देशन में अपराध/अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक श्री महेश सिंह अत्रि के कुशल पर्वेक्षण में तथा क्षेत्राधिकारी घोसी श्री दिनेश दत्त मिश्र के कुशल नेतृत्व में आज दिनांक 09.06.2025 को थाना कोपागंज पुलिस द्वारा देखभाल क्षेत्र व चेकिंग के दौरान जरिये मुखबिर की सूचना पर अम्बेडक प्रतिमा पार्क डांडी के पास से अभियुक्त कृष्णानन्द राय पुत्र स्व0 श्रीकान्त राय निवासी देवकली विशुनपुर थाना कोपागंज जनपद मऊ को गिरफ्तार किया गया।
उल्लेखनीय है किं उक्त अभियुक्त द्वारा दिनांक 07.06.2025 को थाना कोपागंज क्षेत्रान्तर्गत देवकली विशुनपुर में पुरानी रंजीश को लेकर एक व्यक्ति को गोली मार कर घायल कर देने मामले में। जो थाना कोपागंज पर मु0अ0सं0 163/25 धारा 109, 352, 351(3), 3(5) बीएनएस से संबंधित पाया गया। गिरफ्तार अभियुक्त का चालान न्यायालय किया गया। उक्त अभियुक्त के विरूद्ध जनपद मऊ के थाना कोपागंज पर कुल 03 अभियोग पंजीकृत है। इस संबंध में पूर्व में एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है।

गिरफ्तार अभियुक्त–

1. कृष्णानन्द राय पुत्र स्व0 श्रीकान्त राय निवासी देवकली विशुनपुर थाना कोपागंज जनपद मऊ।

गिरफ्तारकर्ता पुलिस टीम–

1. उ0नि0 पंकज कुमार यादव थाना कोपागंज जनपद मऊ।
2. का0 राघवेन्द्र प्रताप थाना कोपागंज जनपद मऊ।

**गुमशुदा/खोए कुल एक मोबाइल फोन लगभग 20,000 (बीस हजार) रुपये कीमती बरामद कर उनके स्वामी को किया गया सुपुर्द–**

पुलिस अधीक्षक मऊ श्री इलामारन जी के निर्देशन में अपराध/अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना हलधरपुर साइबर टीम द्वारा थाना स्थानीय पर दर्ज गुमशुदगी को सीईआईआर पोर्टल के माध्यम से गुमशुदा मोबाइल धारको का थाना स्थानीय पर नियुक्त साइबर टीम द्वारा थाना हलधरपुर में गुमशुदा एक मोबाइल लगभग 20,000 (बीस हजार) रुपये कीमती को बरामद कर उनके स्वामी को सुपुर्द किया गया। जिसमें प्रवीण कुमार निवासी दिलशादपुर थाना हलधरपुर जनपद मऊ। आवेदक द्वारा उच्चाधिकारियों व थाना दोहरीघाट के अधिकारी/ कर्मचारियों का आभार व्यक्त किया।
बरामदकर्ता पुलिस टीम–
प्रभारी निरीक्षक श्री जगदीश प्रसाद विश्वकर्मा थाना हलधरपुर जनपद मऊ।
क0आ0 नूपुर खरे थाना हलधरपुर जनपद मऊ।

**02 नफर वारण्टी अभियुक्त गिरफ्तार–**

आज दिनांक 09.06.2025 को जनपद के विभिन्न थानों द्वारा देखभाल क्षेत्र व चेकिंग के दौरान थाना दक्षिण टोला पुलिस द्वारा 01 नफर वारण्टी अभियुक्त मो0 जाकिर पुत्र रिजवान अहमद निवासी हकीकतपुरा थाना दक्षिण टोला व थाना कोपागंज पुलिस द्वारा 01 नफर वारण्टी अभियुक्त बदरे आलम पुत्र अली रजा निवासी छितौना थाना रसडा जनपद बलिया को गिरफ्तार कर चालान न्यायालय किया गया।